नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

बच्चों को वितरित की स्टेशनरी

भीलवाड़ा। झूलेलाल मंदिर मंडल सिंधु नगर में बच्चों के लिए 15 दिवसीय संस्कार शिविर प्रारंभ किया गया। मंडल सचिव वीरुमल पुरसानी ने बताया कि शिविर में सिंधी भाषा, गायन, डांस मेहंदी, ढोलक बजाना एवं ड्राइंग सिखाई जाएगी। मंदिर के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुलाबानी ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को नोटबुक, पेन आदि स्टेशनरी निशुल्क वितरित की गई। मन्दिर अध्यक्ष रतन चन्दानी ने बच्चों को भाषा एवं संस्कृति के बारे में समझाया। जितेन्द्र रंगलानी, ढालूमल सोनी, किशोर कृपलानी ने भी विचार व्यक्त किए। परमानंद गुरनानी, धीरज पेशवानी, सतीश शर्मा, शिक्षामित्र ज्योति जेठानी, वर्षा रंगलानी आदि उपस्थित थे।

चरागाह विकास समितियां गठित

भीलवाड़ा। पंचायती राज नियम 1996 के तहत प्रत्येक ग्राम, ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर चारागाह विकास समितियों के गठन के अभाव में जिले में चारागाह विकास नहीं हो पा रहा था। यह मुद विधायक अशोक कोठारी द्वारा विधानसभा में उठाया। इसके बाद सरकार ने उक्त विषय को गंभीरता से लिया और प्रदेश में चारागाह विकास समितियों के गठन करने के निर्देश दिए। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि भीलवाड़ा जिले में प्रत्येक ग्राम, पंचायत स्तर व ब्लॉक स्तर पर चारागाह विकास समितियों का गठन हो चुका है। अब जिले में उक्त समितियों के देखरेख में चारागाह विकास संभव होगा। चारागाह विकास होने पर क्षेत्र में जल स्तर बढ़ेगा एवं अकाल व अनावृष्टि के दौरान घास की समस्या से निजात मिल सकेगी, जिससे गौवंश का भरण पोषण निश्चित व सुरक्षित होगा।

बेटियों ने निभाया बेटों का फर्ज

बनेड़ा। कस्बे के अजमेरी गेट निवासी सत्यनारायण बारी उम्र 70 वर्ष की मृत्यु हो जाने पर उसके बेटा नहीं होने से उनकी चार पुत्रियों ने अर्थी कंधा देकर कॉलेज रोड पर स्थित महासतिया शमशान घाट तक अर्थी को पहुंचाया जहां पर भंवरी देवी, कांता, दुर्गा व सीमा बारी ने स्वर्गीय पिता सत्यनारायण बारी को मुखाग्नि दी।

5वीं बोर्ड में बेटियां रही अव्वल

शिक्षा मंत्री दिलावर ने जहाजपुर से किया घोषित परिणाम, 97.47 प्रतिशत हुए पास।

जहाजपुर ■ संवाद सूत्र

जिले के इतिहास में पहली बार पांचवीं बोर्ड एग्जाम (प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन परीक्षा 2025) का रिजल्ट शुक्रवार को जहाजपुर पंचायत समिति के वीसी रूम से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जारी किया। परिणाम 97.47 फीसदी रहा । एक बार फिर बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंत्री दिलावर ने परीक्षा परिणाम जारी कर विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि पांचवीं परीक्षा 7 से 17 अप्रैल तक राज्य के निर्धारित 18 हजार 598 परीक्षा केन्द्रों पर हुई। कुल 13,30,190 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से 12,96,495 यानि 97.47 प्रतिशत पास हुए। गत वर्ष की तुलना में लगभग 0.41 प्रतिशत की वृद्धि रही। छात्रों का उत्तीर्णता का प्रतिशत 97.29 जबकि छात्राओं का 97.66 रहा है। छात्रों की तुलना में छात्राओं का परीक्षा परिणाम 0.37 प्रतिशत श्रेष्ठतर रहा है। सांसद दामोदर अग्रवाल तथा जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि जहाजपुर में पहली बार राज्य के शिक्षा मंत्री ने धार्मिक नगरी से प्रदेश स्तर की घोषणा का मंच चुना है यह जहाजपुर वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जहाजपुर प्रधान कौशल किशोर शर्मा, पालिकाध्यक्ष नरेश मीणा, भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र खटीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद टाक, प्रशासक वेदप्रकाश खटीक, कैलाश टेपण, महेंद्र मीणा, शैतान सिंह मीणा, नन्द भंवर सिंह कानावत, भरत सिंह आदि मौजूद रहे। प्रविष्ट समस्त परीक्षार्थियों में से कुल 2145 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया है, जिनका परिणाम पृथक से जारी किया जायेगा। 31 हजार 550 परीक्षार्थी एक या अधिक विषयों में पूरक घोषित किए गए। पूरक परीक्षा अगस्त 2025 में होगी। इस परीक्षा के परिणाम में परीक्षार्थियों की अंकतालिका में अंकों का अंकन न किया जाकर ग्रेड अनुसार ग्रेड तालिका जारी की जाती है। ग्रेड तालिका में विषयवार प्राप्तांकों का 5 (पांच) केटेगरी आधारित ग्रेडिंग सिस्टम के स्केल पर परीक्षार्थी की स्थिति निर्धारित की जाकर ग्रेड ए, बी, सी, डी, ई को ही प्रदर्शित किया जा रहा है। परीक्षा परिणाम विभागीय शाला दर्पण पोर्टल तथा पी.एस.पी. पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

समस्त ग्राम पंचायते रहे स्वच्छ एवं साफ सुथरी

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर ने कार्यक्रम के पश्चात पंचायत समिति कार्यालय में ही जिले के समस्त विकास अधिकारियों की बैठक ली। मंत्री श्री दिलावर ने विकास अधिकारियों से पूर्णतया साफ एवं स्वच्छता वाली ग्राम पंचायतो की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी समय में भीलवाड़ा जिले की समस्त ग्राम पंचायतो में प्रतिदिन साफ-सफाई हो, पॉलिथीन या कचरा सार्वजनिक जगहों पर ना रहे एवं व्यर्थ में गंदा पानी रास्ते में ना भरा रहना सुनिश्चित करें । शिक्षा का पंचायती राज मंत्री ने आगामी मानसून में शुरू होने वाले हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने तैयारियो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि तय लक्ष्यों के अनुरूप ग्राम पंचायतो द्वारा पौधे लगाने की आवश्यक तैयारियां गड्ढे खुदवाना, जगह का चिन्हीकरण करना इत्यादि कार्य जल्द पूरा करें।

कचरे के ढेर में मिले दो नवजात बच्चियों के शव

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

कलयुग किसे कहते है इसका प्रमाण शुक्रवार को देखने को मिला । शहर के सेवा सदन रोड पर राठी हॉस्पिटल के पास एक कचरे के ढेर से दो नवजात बच्चियों के शव पडे मिले। यह घटना मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख देने वाली है और समाज में नैतिक मूल्यों के पतन को दर्शाती है। यह मामला होमगार्ड जवान सुशील की सतर्कता से सामने आया। बताया जा रहा है कि सुशील ने राठी हॉस्पिटल के निकट कचरे के ढेर में कुछ संदिग्ध देखा, जिसके बाद पास जाकर देखने पर उन्होंने दो नवजात बच्चियों के शव पड़े हुए पाए। इस जघन्य कृत्य को देखकर वह स्तब्ध रह गए और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों नवजात बच्चियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और उन अज्ञात कुमाता की तलाश में जुट गई है, जिसने इन मासूमों को जन्म देने के बाद इतनी बेरहमी से कचरे के ढेर में फेंक दिया। यह घटना न केवल भीलवाड़ा बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। कौन हैं वे लोग जो इतनी क्रूरता से अपने ही बच्चों को त्याग देते हैं? क्या यह लिंग भेद का मामला है या फिर सामाजिक दबाव और गरीबी का परिणाम? इन सवालों के जवाब तलाशना और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना नितांत आवश्यक है।

फटाफट

पुलिया के नीचे मिली लाश

भीलवाड़ा। शहर के रीको एरिया स्थित आस्था कॉलोनी के पास नहर की पुलिया के नीचे एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, शव 2 से 3 दिन पुराना लग रहा है और अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। सूचना मिलते ही प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पहचान के बाद पोस्टमार्टम होने और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और वारदात का पता लगाने में जुटी है।

महेश नवमी महोत्सव का आगाज, होंगे विभिन्न प्रतियोगिताएं

शाहपुरा। नगर माहेश्वरी समाज द्वारा छह दिवसीय महेश नवमी महोत्सव कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रातः समाज बंधु ,प्रतियोगिता के समस्त संयोजक, सहसयोजक, कार्यकर्ता, महिला मंडल ,युवा संगठन, की उपस्थिति में अध्यक्ष श्यामा प्रसाद चेचानी मंत्री पवन पोरवाल एवं विशिष्ट अतिथि राधेश्याम झवर एवं नगर माहेश्वरी समाज पूर्व अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मुंदड़ा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर झंडा रोहण कर छः दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया । अध्यक्ष श्यामा प्रसाद चेचानी मंत्री पवन पोरवाल के अनुसार आयोजित कार्यक्रमों में संयोजक एवं सहसंयोजकों की नियुक्ति की है ।समाज के समस्त बधू, कार्यकर्ता महिला मंडल युवा संगठन को सभी कार्यक्रमों में उपस्थित के लिए निवेदन किया है ।प्रमुख संयोजक बालमुकुंद तोषनीवाल ने कार्यालय प्रभारी की नियुक्ति की है जो कार्यालय में अपने कार्यों को संपादन करेंगे। प्रचार प्रसार प्रमुख चांद मल मुंदड़ा एवं राम प्रकाश काबरा को नियुक्त किया है?

नेहरू तलाई में मरी मछलियां, मार रही सड़ांध, परेशान हुए क्षेत्रवासी

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

नगर विकास न्यास द्वारा निर्मित नेहरू तलाई में लाखों मछलियों एवं जलीय जीवों की मौत हो गई। इसकी वजह नेहरू तलाई में नालों का गंदा पानी आना, गंदगी होना व समय पर सफाई नहीं होना बताया जा रहा है। मृत मछलियां तलाई के किनारे पानी के ऊपर तैर रही हैं। ये विभिन्न साइज की है। हजारों मछलियों ने तो शेशवावस्था में ही दम तोड़ दिया। पूरे क्षेत्र में जबर्दस्त सड़ांध फैल रहा है। आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं। इसकी सूचना मिलने पर पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू नेहरू तलाई पहुंचे। उन्होंने यहां के हालात पर नाराजगी जताई। जाजू ने दावा किया-यहां लाखों मछलियां व जलीय जीव मरे हैं। नेहरू तलाई में चारों ओर पॉलीथिन, डिस्पोजेबल व अन्य कचरा फैला है। तलाई के पास ट्रेन ट्रैक के आसपास भी गंदगी है। तलाई की दीवारें कई जगह से टूट चुकी हैं और तालाब में गिर गई है। इन सब हालात को दर्शाते हुए उन्होंने दस दिन पहले जिला कलेक्टर व यूआईटी सेक्रेट्री को पत्र भी लिखा था, पर नेहरू तलाई की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यदि समय रहते सफाई हो जाती तो आज ये दिन नहीं देखना पड़ता। जाजू ने मांग की गई है कि नेहरू तलाई का विकास मानसरोवर झील की तर्ज पर किया जाए। यूआईटी ने मानसरोवर झील के लिए 20 करोड़ रुपए की योजना बनाई है। उसी तरह नेहरू तलाई के चारों ओर विकास कराया जाए। स्वच्छ जल भरा जाए। गंदे नाले बंद किए जाएं। नौका विहार शुरू हो। पानी को साफ करने के लिए ईटीपी प्लांट लगाया जाए ताकि फिर से ऐसी घटना न हो। यूआईटी की पटेल नगर में बनी मानसरोवर झील में भी तीन-चार पहले हजारों मछलियों ने दम तोड़ दिया था। तब भी वे पानी पर तैरती रही।

एमजीएच की व्यवस्थाएं परखने पहुंची जयपुर की टीम

भीलवाड़ा। चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग निदेशालय के निर्देश पर शुक्रवार को भीलवाड़ा सहित प्रदेश के कुल 28 मेडिकल कॉलेजों का एक साथ निरीक्षण किया गया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : भू. उ. प./25/2231/32 दिनांक : 30/05/2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश सेन पुत्र श्री गोविन्द लाल सेन द्वारा न्यास की स्मेशवन्द्र न्यास नगर योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 12/211 कुल क्षेत्रफल 139.35 वर्गमीटर का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट जोन (ई1) में भू-उपयोग आवासीय दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का मिश्रित उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

राजस्व अधिकारी लंबित राजस्व प्रकरणों का यथाशीघ्र करें निस्तारण

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें लंबित राजस्व प्रकरणों के निस्तारण और सार्वजनिक सेवाओं की व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई व मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नालों की सफाई, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और राजस्व प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए मिशन मोड पर कार्य किया जाए। साथ ही, संपर्क पोर्टल, भूमि रूपांतरण, पंजीयन, पीएम किसान योजना, भूमि आवंटन सहित विभिन्न विषयों पर प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को ठोस दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु ने कहा कि राजस्व अधिकारी गंभीरता के साथ राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व के लंबित प्रकरणों का प्रभावी तथा तय समय में निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में राजस्व से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा कर राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक समय देकर कोर्ट केस के प्रकरणों के साथ ही रेवेन्यू परिवादों के भी जल्द निस्तारण करे तथा कन्वर्जन, नामांतरण आदि प्रकरणों को नियमित मॉनिटरिंग कर निस्तारित करें।

कवि सम्मेलन आयोजित

भीलवाड़ा। मेवाड़ की पुण्य धरा पर स्वर्णिम जिसकी माटी थी, इतिहासो में कभी सुना एक ऐसी हल्दीघाटी थी.... जयपुर की धरती से आए कवि आशुतोष सिंह सौदा ने जब यह ओजस्वी कविता पाठ किया तो महाराणा टॉकीज का पूरा चौराहा तालिया की गडगड़ाहट से और महाराणा प्रताप के जयकारों से गूंज उठा । समिति संयोजक कवि रामनिवास रोनी राज ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती पर कोहिनूर सेवा समिति एवं हिंदू महासभा द्वारा कवि सम्मेलन मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक की अध्यक्षता एवं विकास समदानी, दीनबंधु खत्री के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। गीतकार कैलाश सिंह झाडावत के पोकरण शक्ति स्थल व राजस्थान पर गीत ,चांदी मेवाड़ी री माटी, सोनो लागे हल्दीघाटी, पारस महाराणा प्रताप पढक़र कवि सम्मेलन को परवान चढ़ाया। बनेड़ा के निखिल सोनी ने भारत के राम जगो में

6 ट्रैक्टर ट्राली किये जप्त

सवाईपुर। बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ एक बार फिर कार्रवाई करते हुए, 6 ट्रैक्टर ट्रॉली को बजरी परिवहन करते हुए जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया, वहीं माइनिंग विभाग को इसकी सूचना दी।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : LU2012/BHL/2025-26/100787 दिनांक : 30/05/2025

लोक सूचना

श्री ASHISH AGAL पुत्र श्री TRILOK CHAND AGAL जाति AGAL निवासी A-254 RK COLONY NEAR LOVE GARDEN BHILWARA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1	रायसिंहपुरा, बनेड़ा (भीलवाड़ा)	AASHVI HOMES AND LIVI PRIV LIMITED	1867/1579, 1869/1580	3491	0.3491
				कुल	0.3491

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर **90-A For Development Authority (UDH)** आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30-05-2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
रजि. कार्यालय :- 17-902ए टीका औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर : 011- 71239900, **ईमेल:** hrd@titanbiotechltd.com, **वेबसाइट:** www.titanbiotechltd.com

31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2025	31.12.2024	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2024
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,655.00	3,986.53	4,039.59	16,036.33	16,582.03
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पद)	502.85	510.49	637.48	2,436.73	3,152.90
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	502.85	510.49	637.48	2,436.73	3,152.90
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	376.61	380.19	484.12	1,827.11	2,366.32
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (लॉट 3 देखें)	370.80	384.56	496.94	1,834.41	2,383.80
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	13,686.99	12,017.85
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसिक	4.56	4.60	5.86	22.11	28.64
	(बी) डायल्यूटिड	4.56	4.60	5.86	22.11	28.64

31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2025	31.12.2024	31.03.2024	31.03.2025	31.03.2024
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,655.00	3,986.53	4,039.59	16,036.33	16,582.03
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पद)	502.85	510.49	637.48	2,436.73	3,152.90
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	502.85	510.49	637.48	2,436.73	3,152.90
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	404.68	439.01	499.63	2,153.16	2,485.30
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (लॉट 3 देखें)	398.87	443.38	512.45	2,160.46	2,502.78
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	14,513.95	12,518.75
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसिक	4.90	5.31	6.05	26.06	30.07
	(बी) डायल्यूटिड	4.90	5.31	6.05	26.06	30.07

नोट्स :

1. उपरोक्त 31.03.2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत परिदृश्य स्वरूप का एक सार है और सेबी (विनियम दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 31.03.2025 को समाप्त उक्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** और कंपनी की वेबसाइट **www.titanbiotechltd.com** पर उपलब्ध है।
2. 31.03.2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए उपरोक्त अंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 30 मई, 2025 को आयोजित बैठक में इसे रिकॉर्ड में लिया गया है। सांविधिक कंपनी के लेखापरीक्षकों ने सेबी (विनियम दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), 2015 के विनियम 33 के संदर्भ में एक सीमित समीक्षा की है।
3. कंपनी ने सदाचार कानून (संशोधन) अध्यादेश 2019 द्वारा पेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तदनुसार, कंपनी ने 31.03.2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।
4. स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') ("भाग सी पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से परिचालन से राजस्व में माल बुलाई की राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअसर करने के लिए कुल अन्य खर्चों में माल बुलाई आइ श्री जोड़ा गया।
6. वर्ष के दौरान, कंपनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) व्यय के लिए 59.61 लाख रुपये का भुगतान किया।
7. कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 2.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की सिफारिश की है। लाभांश का भुगतान वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा उनके अनुमोदन के बाद किया जाएगा।
8. सांविधिक लेखा परीक्षकों ने 31.03.2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों का ऑडिट किया है और इन वित्तीय परिणामों पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट में अपरिवर्तित राय व्यक्त की है।

यहां दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे देखकर किया जा सकता है

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 29.05.2025

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448